# उत्तर प्रदेश समसामयिकी

## 30th March 2024

### संक्षिप्त समसामयिकी -

**23 हिंसक प्रजातियों वाले कुत्तों पर प्रतिबंध -**

- केंद्र सरकार ने हाल ही में पालतू कुत्तों के हमलों से लोगों की मृत्यु की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्यों को **हिंसक कुत्तों की 23 प्रजातियों की बिक्री और उनके प्रजनन पर प्रतिबंध** लगाने का निर्देश दिया था।
- इसी क्रम में केंद्र सरकार के निर्देश का पालन करते हुए **उत्तर प्रदेश सरकार ने** बड़ा फैसला लिया। यूपी सरकार ने 26 मार्च को केंद्र के सुझाव व निर्देश के बाद प्रदेश में **इन 23 हिंसक कुत्तों की प्रजातियों को बैन करने का आदेश जारी कर दिया है।** आदेश के अनुसार, अब इन **नस्लों के आयात, प्रजनन से लेकर बिक्री** तक पर रोक रहेगी।
- निगम बोर्ड ने अक्टूबर 2022 में **रॉटवीलर डोगो, अर्जेंटीनो और पिटबुल** इन तीन प्रजातियों की कुत्तों पर दूसरों की तुलना में अधिक "आक्रामक" बताकर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद अधिकारियों ने तीन प्रजातियों के मालिकों को अपने पालतू जानवरों को 31 दिसंबर, 2022 तक पंजीकृत कराने का आखिरी मौका दिया था।
- हिंसक प्रजाति के **मिश्रित एवं क्रॉसब्रीड कुत्तों** में रोटविलर, पिटबुल टेरियर, वुल्फ, टोसा ईनू, अमेरिकन स्टेफोर्ड, फिला ब्रासी लीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडाग, बोरवेल, कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड (ओवचार्का), कोकेशियान शेफर्ड (ओवचार्का ), दक्षिण रुसी शेफर्ड (ओवचार्का ), टार्न जैक, सरप्लानिनेक, जापानी टोसा और अकिता, मस्टिफ (बोरबुल्स), टेरियर्स, रोडेशियन, रीजबैक, कैनारियों, अकबाश कुत्ता, मास्को गार्ड, कैन कोरो आदि नस्ल के कुत्ते रोक वाली सूची में शामिल हैं।




**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) -**

- **सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)** के तहत मजदूरों को दी जाने वाली मजदूरी बढ़ा दी है। केंद्र ने कई राज्यों में **4 से 10% तक मजदूरी में बढ़ोतरी** की है। बदली हुई मजदूरी की दरें **1 अप्रैल से लागू** हो जाएंगी। अधिसूचना के मुताबिक सबसे ज्यादा मजदूरी 34 रुपए गोवा में बढ़ाई गई है।
- **उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ने सात रुपये का इज़ाफा किया है जो सबसे कम है** तथा अब मनरेगा के तहत काम करने पर श्रमिक को प्रति दिन 237 रुपये मिलेंगे।

- आंध्र प्रदेश, गोवा, कर्नाटक और तेलंगाना में 10% मजदूरी बढ़ी है
- मजदूरी दर के मामले में हरियाणा प्रथम स्थान पर है, लेकिन वृद्धि केवल 4% के आसपास है। यहां मजदूरी 374 रुपए प्रतिदिन है।
- सिक्किम की तीन पंचायतों- नथांग, लाचुंग और लाचेन में मजदूरी दर 374 रुपए प्रतिदिन है।
- गोवा में मजदूरी दर में सबसे ज्यादा 34 रुपए बढ़ी है। अब राज्य में रोजाना भुगतान 356 रुपए हो गया है।
- आंध्र प्रदेश में प्रतिदिन 28 रुपए की बढ़ोतरी की गई और यहां मजदूरी दर अब 300 रुपए है।
- उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सबसे कम 7 रुपए मजदूरी बढ़ी है, यहां मजदूरी दर 237 रुपए प्रतिदिन है।
- पश्चिम बंगाल में मजदूरी में 13 रुपए बढ़ाए गए हैं, यहां मजदूरी बढ़कर 250 रुपए हो गई है।
- तमिलनाडु में 25 रुपए बढ़ाकर मजदूरी को 319 रुपए कर दिया गया है।
- तेलंगाना में 28 रुपए की वृद्धि के बाद मजदूरी 300 रुपए और बिहार में 17 रुपए बढ़ने के बाद मजदूरी 228 रुपए हो गई है।

## महत्वपूर्ण रिपोर्ट/सूचकांक -

| रिपोर्ट | महत्वपूर्ण बिंदु |
|---|---|
| **भारत रोजगार रिपोर्ट 2024** | ❖ हाल ही में **अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** और **मानव विकास संस्थान (IHD)** ने संयुक्त रूप से **'भारतीय रोजगार रिपोर्ट 2024'** जारी की है।<br>❖ यह शोध मुख्यतः वर्ष 2000 और 2022 के बीच आयोजित **राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण और आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण** के डेटा विश्लेषण पर आधारित है।<br>**प्रमुख निष्कर्ष -**<br>❖ देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या भी 2000 के मुकाबले दोगुनी हुई है। 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या कुल युवा बेरोजगारों में 35.2% थी। 2022 में ये बढ़कर 65.7% हो गई है।<br>❖ पिछले वर्षों मे उल्लेखनीय गिरावट के बाद, वर्ष 2019 से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला श्रम की बाजार में भागीदारी दर में वृद्धि हुई है।<br>❖ गैर-कृषि क्षेत्रों में कार्यबल का स्थानांतरण भारतीय श्रम बाजार का एक क्रमिक और निरंतर पहलू है।<br>❖ लगभग 82 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में कार्य करता है, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत अनौपचारिक रूप से कार्यरत हैं।<br>❖ वर्ष 2012 से 2022 के बीच असंगठित मजदूरों के वेतन में मामूली वृद्धि हुई है, जबकि नियमित श्रमिकों का वास्तविक वेतन स्थिर रहा है या कम हुआ है।<br><br>Source: Computed from various years of the Employment and Unemployment Survey data and the Periodic Labour Force Survey unit-level data. |

## चर्चित व्यक्तित्व -

### निधु सक्सेना

❖ केंद्र सरकार ने निधु सक्सेना को **बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO)** के रूप में नियुक्त किया गया है। निधु इससे पहले पब्लिक सेक्टर के यूनियन बैंक का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे ।

➢ पब्लिक सेक्टर बैंक के MD और CEO की नियुक्ति केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत **फाइनेंशियल सर्विस इंस्टीट्यूशन ब्यूरो (FSIB)** करता है।




### मरियम मैमन मैथ्यू

- मनोरमा ऑनलाइन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मरियम मैमन मैथ्यू को दो साल के लिए **डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (DNPA) का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है। मैथ्यू एक अप्रैल 2024 से डीएनपीए अध्यक्ष का प्रभार संभालेंगी। वह अमर उजाला के एमडी तन्मय माहेश्वरी का स्थान लेंगी।




## विविध समसामयिकी -

- भारत की पहली प्राइवेट स्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी **स्कायरूट एयरोस्पेस ने विक्रम-1 रॉकेट** के दूसरे चरण का सफल परीक्षण किया। कंपनी ने यह **परीक्षण इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO)** के श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर पर किया है। कंपनी के बयान के अनुसार **विक्रम-1 रॉकेट के दूसरे चरण को कलाम-250** नाम दिया गया है।
  - **कलाम-250 हाई पावर कार्बन मिश्रित रॉकेट मोटर** है। यह रॉकेट को वायुमंडलीय चरण से बाहरी अंतरिक्ष के वैक्यूम तक ले जाएगा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कलाम-250 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। यह परीक्षण 85 सेकंड तक चला।




- अडाणी ग्रुप की कंपनी **'कच्छ कॉपर'** ने मुंद्रा स्थित **ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी प्रोजेक्ट** में प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। कंपनी ने इस रिफाइनरी से कैथोड का पहला बैच कस्टमर्स को भेज भी दिया है। इसके साथ ही ग्रुप ने मेटल इंडस्ट्री में अपना पहला कदम भी रख लिया है।
- मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने **गौतम अडाणी की अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट** में **26% हिस्सेदारी खरीदी** है। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्लांट की 500 मेगावाट बिजली (इलेक्ट्रिसिटी) का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज़) करने के लिए एक एग्रीमेंट साइन किया है। यह पहला मौका है जब दो प्रतिस्पर्धी उद्योगपति के बीच किसी तरह की पार्टनरशिप हुई है।